कच्चा थीबू का दावा

322. श्री राम जेठमलानी : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान कच्चा थीबू द्वीप के संबंध में तमिलनाडु विधान सभा द्वारा हाल ही में पारित एक संकल्प की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि तमिलनाडु सरकार द्वारा यह मांग की गयी है कि कच्चा थीबू को पुन: भारत में मिला दिया जाये; और

(ग) यदि हां, तो इस सबध में ब्यौरा क्या है और उस पर भारत सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) जी हां ।

(ग) तमिलनाडु विधान सभा ने 3 अक्तूबर, 1991 को जो प्रस्ताव पारित किया था उसमें दूसरी बातों के अलावा, भारत सरकार से यह अपील की गई थी कि वह "कच्चा थीबू तथा इसके आसपास के समुद्र को वापस दिलाने तथा उन्हें भारतीय प्रदेश में पुन: शामिल करने" के लिए श्रीलंका सरकार के साथ तत्काल कार्रवाई करे। भारत-श्रीलंका समुद्री सीमा जिसे 1974 और 1976 के समुद्र सीमा करारों के माध्यम से अंकित किया गया था, के संबंध में सरकार की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इन करारों के अनुसार कच्चा थीबू द्वीप अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा के श्रीलंका की ओर पड़ता है।

बंगलादेश में उल्फा उग्रवादियों को प्रशिक्षण

@323. श्री राम जेठमलानी :
श्री रणजीत सिंह :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि असम के उल्फा-उग्रवादियों को, जो कि विध्वंसकारी गतिविधियों में अन्तर्लित हैं, बंगलादेश में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो बंगलादेश में कितने उग्रवादी प्रशिक्षित किए जा चुके हैं ;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले को बंगलादेश सरकार के समक्ष उठाया है ; और

(घ) यदि हां, तो कब और इस संबंध में उनकी प्रतिक्रिया क्या थी, और प्रशिक्षित उग्रवादियों की भारत में घुसपैठ को रोकने और सीमा को बन्द करने के संबंध में सरकार क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) (क) और (ख) सरकार को ऐसी खबरों की जानकारी है जिनसे यह पता चलता है कि कुछ "उल्फा" उग्रवादियों को सीमा पार बंगलादेश से प्रशिक्षण और अन्य सहायता मिल रही है।

(ग) जी, हां ।

(घ) बंगलादेश की सरकार ने इस बात का जोरदार खंडन किया है कि उल्फा को किसी प्रकार की सहायता दी जा रही है अथवा बंगलादेश में "उल्फा" के ठिकाने हैं । बंगलादेश से 3 उग्रवादियों और अन्यों की घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल द्वारा कड़ी चौकसी बरती जाती है ।

दिल्ली परिवहन निगम के कार्यक्रम में सुधार

324. श्री रणजीत सिंह : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन निगम को लगातार घाटा हो रहा है ;

@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न संख्या 104, 9-11-1991 से स्थानान्तरित ।